हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

भूविस्थापितों ने बंद कराया गेवरा खदान विस्तार का कार्य

2



## खबर संक्षेप

### कुश्ती खिलाड़ियों का समागम आज से, जुटेंगे 400 से अधिक पहलवान

**जांजगीर-चांपा।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज सोमवार 6 अक्टूबर से हाई स्कूल मैदान जांजगीर में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय होगी, जो 6 से 8 अक्टूबर तक चलेगी। उद्घाटन समारोह प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।कार्यक्रम का शुभारंभ खेल ध्वज फहराने, मार्चपास्ट, सलामी एवं खिलाड़ियों द्वारा शपथ ग्रहण के साथ होगा। इस अवसर पर अतिथि गण खिलाड़ियों को आशीर्वचन भी देंगे। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल कुश्ती (14, 17 व 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग) एवं ग्रीको रोमन कुश्ती (17 व 19 वर्ष आयु वर्ग) के मुकाबले होंगे।राज्य के बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, सरगुजा एवं रायपुर जोन से लगभग 400 खिलाड़ी, जिनमें 50 बालक और 30 बालिका प्रत्येक जोन से — अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन की मेजबानी जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग, जांजगीर-चांपा द्वारा की जा रही है। जांजगीर में इन तीन दिनों तक कुश्ती के दांव-पेंचों का रोमांच और युवा जोश चरम पर रहेगा।

### शरद पूर्णिमा पर निःशुल्क दवा वितरण कटनई में आज

**अकलतरा।** ग्राम कटनई के मां भगवती दुर्गा मंदिर एवं सिद्ध देव पहरिया पाठ स्थल पर 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा की रात्रि को 10 बजे से दमा, स्वास, प्रतिरोधी क्षमताओं के लिए निःशुल्क दवा वितरण खीर में मिलाकर दिया जाएगा। पहरिया पाठ समिति के संचालक नरेश राम कश्यप एवं चंद्रिका कुमार कश्यप ने बताया कि शरद पूर्णिमा के रात्री को विगत कई वर्षों से दवा वितरण करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी सोमवार 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा की रात्रि में दमा स्वास रोगियों को खीर के साथ निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा। समिति के सदस्य के द्वारा आग्रह किया गया है कि जो भी दवा प्राप्त करना चाहते हैं ,वे सिद्ध देव पहरियां पाठ मंदिर स्थल आकर निःशुल्क दवा ले सकते हैं।

### जैन समाज करेगा भजन संध्या का आयोजन आज

**अकलतरा।** जैन समाज द्वारा आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर 6 अक्टूबर को रात 7 बजे से जैन मंदिर के सामने भजन संध्या का आयोजन किया गया है भजन संध्या में इंदौर के सुप्रसिद्ध भजन गायक रितिक जैन द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी, कार्यक्रम बिलासपुर संभाग के आयुक्त, वरिष्ठ आईएएस सुनील जैन के मुख्य आतिथ्य, जैन समाज के युवा आईएएस जिला पंचायत सक्ति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं नगर के समस्त समाज के प्रमुखों की उपस्थिति में आयोजित होगा, जैन समाज ने नगर के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### ड्रोन कैमरा और एसडीआरएफ की मदद से दिनभर हुई सर्चिंग

# नदी में डूबे एक युवक की 15 किलोमीटर दूर मिली लाश, एक अन्य युवक और युवती की चल रही तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले का पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली डेंजर स्पॉट बन चुका है। यहां जरा सी चूक जानलेवा साबित हो रही है। ऐसा ही एक मामला शनिवार की देर शाम सामने आया। बिलासपुर से पहुंचे दो युवक और एक युवती हसदेव नदी में डूब गए। रविवार को पूरे दिन पुलिस तलाश में जुटी रही। नगर सेना के जवान और स्थानीय गोताखोरों के साथ ही एस डी आर एफ की टीम पूरे दिन सर्चिंग में जुटी रही। रेसक्यू में ड्रोन की भी मदद ली गई। पुलिस को एक युवक की लाश घटना स्थल देवरी से 15 किलोमीटर दूर कुदरी में मिली। वहीं एक अन्य युवक और युवती की तलाश अभी भी जारी है।

बिलासपुर से 4 युवाओं का ग्रुप शनिवार 4 अक्टूबर को पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली घूमने के लिए पहुंचा था। उन्होंने अकलतरा से अपने एक मित्र को भी साथ में ले लिया था। सरकंडा, दयालबंद और अशोक नगर बिलासपुर के रहने वाले स्वर्णरेखा ठाकुर, आशीष भोई, अंकुर कुशवाहा और मोनिका सिन्हा ने अकलतरा निवासी लक्ष्मी शंकर के साथ कुछ देर पिकनिक स्पॉट में घूमने के बाद नदी में नहाने की योजना बनाई। सभी शाम करीब 5 बजे हसदेव नदी में नहाने के लिए उतर गए। नहाने के दौरान सभी गहरे पानी में चले गए और पानी के तेज बहाव में बहने लगे। मौके पर चीख पुकार गूंजने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने लक्ष्मी शंकर और मोनिका सिन्हा को किसी तरह बचाकर नदी से बाहर निकाला। वहीं सरकंडा निवासी 30 वर्षीय स्वर्ण रेखा ठाकुर, दयालबंद निवासी 28 वर्षीय अंकुर कुशवाहा और अशोक नगर निवासी 26 वर्षीय आशीष भोई नदी में डूब गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन नदी का तेज बहाव और अंधेरा होने के कारण रेसक्यू में दिक्क़ते आई। इधर रविवार 5 अक्टूबर को सूर्योदय होते ही रेसक्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एस डी आर एफ की टीम, स्थानीय गोताखोर, नगर सेना के जवानों ने नदी में तलाशी तेज कर दी। नदी के तटीय इलाके के गांव में ग्रामीणों की मदद से खोजबीन की गई। सर्चिंग के लिए ड्रोन कैमरे का भी सहारा लिया गया। दोपहर करीब 2 बजे घटना स्थल देवरी से 15 किलोमीटर दूर कुदरी में एक युवक की लाश मिली। चाम्पा के पास कुदरी बैराज से पहले स्थानीय ग्रामीणों की मदद से लाश को नदी से बाहर निकाला गया, जिसकी शिनाख्त अंकुर कुशवाहा के रूप में की गई। अंकुर के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पूरे दिन सर्चिंग करने के बाद भी स्वर्ण रेखा ठाकुर और आशीष भोई का पता नहीं चल सका। शाम ढलने के बाद अंधेरा होने और नदी में पानी का तेज बहाव होने के कारण सर्चिंग अभियान रोक दिया गया है। सभी टीम पूरी रात स्पॉट पर ही तैनात रहेगी। अब सोमवार की सुबह फिर से सर्चिंग शुरू की जाएगी।



कुदरी में नदी से युवक का शव निकालता डीडीआरएफ का जवान।



ड्रोन कैमरे की मदद से पूरे दिन चली सर्चिंग

### देवरी चिचोली बना डेंजर जोन, नदी में डूबने से जा रही जान

पंतोरा क्षेत्र में प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली है। यहां की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली डेंजर जोन बन चुका है। यहां अक्सर पिकनिक मनाने आने वालों के नदी में डूबने के हादसे होते रहते हैं। इस स्थान पर 14 जुलाई 2024 को सरकंडा बिलासपुर का शुभम यादव नदी में बह गया था, उसकी लाश अगले दिन मिली। इसी तरह 20 अक्टूबर 2024 को अकलतरा क्षेत्र का कापन निवासी सूरज पटेल और खुशेन्द्र बरेठ नदी में नहाते समय बह गए थे। वहीं 27 दिसंबर 2024 को दीपका से पिकनिक मनाने आए 24 वर्षीय अश्वनी सिंह और 19 वर्षीय सुमित सिंह की भी नदी में डूबकर मौत हो गई थी। इसके आलावा 1 मार्च 2025 को बनारी निवासी सप्रय्य पाण्डेय की नदी में डूबने से जान चली गई। देवरी में नदी कई जगह पर सपाट है तो कई जगह पर काफी गहराई है। ऐसे में बाहर से आने वालों को इसका अंदाजा नहीं लग पाता और जरा सी चूक होते ही जान चली जाती है। यही वजह है कि पुलिस प्रशासन ने कुछ माह पहले यहां पर सावधानी का बोर्ड लगाया था। साथ ही गहराई वाले क्षेत्र में लाल झंडा भी लगाया गया था। समय के साथ सावधानी के सूचना बोर्ड और लाल झंडे गायब हो चुके हैं।

### दो की तलाश जारी

पुलिस के साथ ही डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम पूरे दिन रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही। सर्चिंग के लिए ड्रोन कैमरे की मदद भी ली गई। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणों और गोताखोरों ने भी पूरे दिन प्रयास किया। एक युवक की बॉडी दोपहर में कुदरी में मिली। पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर एक अन्य युवक और युवती की तलाश जारी है। अंधेरा होने के कारण रात में सर्चिंग बंद करनी पड़ी है। सभी टीमें स्पॉट पर तैनात है। सोमवार को सुबह होते ही फिर से सर्चिंग ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

**-उमेश कश्यप,** एडिशनल एसपी जांजगीर-चांपा



विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी दफ्तर पहुंचे भाजपा पदाधिकारी

# जैजैपुर विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपाइयों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जैजैपुर विधायक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपाईयों ने मोर्चा खोल दिया है। इस मामले को लेकर उन्होंने एएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सेवा सहकारी समिति प्रबंधक रहते उनके द्वारा किसान परिवार से 42 लाख रुपए की हेराफेरी सहित अन्य मामलों में कई लोगों से मारपीट की गई है। इस मामले को लेकर कार्यवाही की मांग की गई है।

- एएसपी से मुलाकात कर जल्द कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन

ज्ञात हो कि रविवार 5 अक्टुबर को जैजैपुर क्षेत्र के विधायक के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। मामले को लेकर भाजपा के नेताओ ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। उनका आरोप है कि जैजैपुर क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू द्वारा सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह के प्रबंधक रहते हुए 42 लाख रूपऐ की धोखाधड़ी की गई है। यह राशि किसानों के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर और अंगुठा लगवाकर निकाली गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि 1 अक्टुबर 2024 को एक बुजुर्ग दंपति से मारपीट की गई है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जैजैपुर विधायक पर कई गंभीर अपराधिक आरोप भी है। उनके द्वारा अपने पड़ोसी से मारपीट एवं धमकी जैसे हरकते कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहा है। इस मामले को लेकर भाजपा नेता रविवार को एसपी कार्यालय पहुंचे इस बीच एएसपी उमेश कश्यप को ज्ञापन सौंपकर विधायक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालो में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगडे, सक्ती भाजपा जिलाअध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, सक्ती ि जला पंचायत अध्यक्ष द्रौपति किर्तन चंद्रा, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, कृष्णकांत चंद्रा, विद्या सिदार, रामनरेश यादव, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, हितेश यादव सहित भाजपा के पदाधिकारी इस दौरान बडी संख्या में मौजूद रहे।

**कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नहीं हो पाई जांच**-भाजपा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि जैजैपुर विधायक के खिलाफ कई तरह के मामले सामने आ चुके है। इन सबके बावजूद तत्कालीन कांग्रेस सरकार के द्वारा विधायक के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गई। इस पूरे मामले को लेकर भाजपा नेताओं के द्वारा विधायक की गिरफ्तारी के साथ साथ उनके निलंबन की मांग भी की गई है।

# बाइक की भिड़ंत में तीन घायल, दो सिम्स रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक में सवार दो किशोर एवं एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रुप से घायल दो किशोर को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया है।

**खास बात**

- कल्याणपुर-रसेड़ा मार्ग में हुआ हादसा

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कल्याणपुर के रसेड़ा मार्ग में रविवार 5 अक्टूबर की शाम दो बाइक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में दो किशोर एवं एक अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्राम वासियों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा लाया गया जहां से दोनों किशोरों सिम्स बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्राम दर्री टांड़ निवासी सुनील कुमार नायक उम्र 16 वर्ष अपने चचेरे भाई समीर कुमार नायक उम्र 15 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर शाम 5 बजे घूमने के लिए निकले थे। दोनों कल्याणपुर की तरफ जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही अशोक साहू पिता राम नारायण साहू उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम रसेड़ा के मोटरसाइकिल से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं समीर नायक और सुनील नायक मौके पर बेहोश होकर गिर पड़े। दोनों के सिर एवं पैर पर गंभीर चोटे आई। वहीं दूसरी बाइक में सवार अशोक साहू के सर एवं पैर में भी गंभीर चोट आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्राम वासियों के द्वारा डॉयल 112 में फोन कर घटना की सूचना दी गई, लेकिन बहुत देर तक इंतजार करने के बाद भी 112 की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ऐसे में ग्राम वासियों की सहायता से दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद समीर नायक और सुनील नायक की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया। वहीं अशोक साहू का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बेटे ने कर दी पिता की पिटाई

**अकलतरा।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पुत्र ने अपने पिता की पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पचरी निवासी 23 वर्षीय आशुतोष भारद्वाज को शराब पीने की लत है। वह अक्सर इसके लिए अपने घर वालों से पैसे की मांग करता रहता है। इसी तरह 13 अगस्त की शाम शराब पीने के लिए उसने अपने पिता से पैसे की मांग की। पिता के द्वारा पैसा नहीं देने पर आशुतोष भारद्वाज आवेश में आकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा और मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। आरोपी घटना के बाद से फरार हो गया था। अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। शनिवार 4 अक्टूबर को आशुतोष भारद्वाज को घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा एवं हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। जुर्म स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने आशुतोष भारद्वाज को धारा 296,115(2), 351(2) 119(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, एएसआई बी पी खांडेकर व स्टाफ का योगदान रहा।





### अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** अकलतरा एवं मुलमुला पुलिस ने 34 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अकलतरा थाना अंतर्गत ग्राम फरहदा निवासी दुर्गा प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष के द्वारा कच्ची महुआ शराब बेची जा रही थी जिसे सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए अकलतरा पुलिस के द्वारा 20 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया वहीं मुलमुला थाना के ग्राम चोर भट्टी सबरिया डेरा निवासी भोला गोड़ उम्र 37 साल के कब्जे से 14 लीटर अवैध कच्ची शराब जुमला कीमती 6800 रुपए बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**

**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**

**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**

**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

.....................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ......................
2. पिता/पति का नाम ......................
3. जन्मतिथि अंकों में ......................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ......................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ......................
   मोबाइल नंबर ......................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ......................
7. शैक्षणिक योग्यता ......................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## AGRASEN COLLEGE

**Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India**
**Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg**

**B.ED. COURSE**
**COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316**

**सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर**

**द्वितीय चरण**

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

**VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)**
**Mob. 90982 11113**






# बिरनपुर मामले को लेकर तत्कालीन सरकार पर लगाए आरोप झूठे : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिरनपुर मामले को लेकर भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर झूठा आरोप लगाया था। भाजपा द्वारा चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से राजनीतिक साजिश की गई थी। यह बात सीबीआई के चार्ज शीट के तथ्य से भी सार्वजनिक हो चुके हैं। ये बातें पत्रकारों से चर्चा करते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कही। रविवार 5 अक्टूबर को विधायक कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विधायक ने कहा कि सीबीआई चार्ज सीट से स्पष्ट हो गया है कि बिरनपुर मामले में भाजपा द्वारा तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ घटना को लेकर जो आरोप लगाए गए थे, वह झूठे हैं। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस घटना में कोई राजनीतिक षड्यंत्र नहीं था बल्कि यह घटना मामूली झगड़ा था जिसने हिंसा का रूप ले लिया। विधायक ने आगे कहा कि सीबीआई ने चार्ज शीट में घटना का विस्तृत विवरण दिया है, उनकी विवेचना में स्पष्ट हुआ है कि यह घटना दो बच्चों के झगड़ों से शुरू हुआ था। पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक के अलावा कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, परस शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, रफीक सिद्दीकी व कांग्रेस नेता मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री देवांगन जर्मनी स्विट्जरलैंड के प्रवास पर



**कोरबा।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन आगामी 10 दिनों तक जर्मनी और स्विट्जरलैंड के प्रवास पर रहेंगे। जर्मनी में होने जा रहे अनुगा 2025 में सम्मिलित होंगे। अनुगा 2025 खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग तथा उससे संबंधित पैकेजिंग, कैटरिंग, रिटेल, तकनीक और ऑर्गेनिक फूड प्रोसेसिंग से जुड़ा विश्व का सबसे बड़ा आयोजन है। इसमें 118 देशों के लगभग 7 हजार 900 प्रतिभागी भाग लेंगे। 200 से अधिक देशों के लगभग 1 लाख 50 हजार आगंतुक अवलोकन के लिए उपस्थित होंगे। इस वर्ष का पार्टनर कंट्री दक्षिण कोरिया है और आयोजन की थीम सस्टेनेबल ग्रोथ एवं इनोवेशन निर्धारित की गई है। इस परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 में उल्लिखित निवेश क्षेत्रों का प्रचार-प्रसार तथा राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में पूंजी निवेश आकर्षित करने के दृष्टिकोण से आयोजन में राज्य शासन की ओर से वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सम्मिलित होकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंत्री श्री देवांगन शुक्रवार की देर रात नई दिल्ली से जर्मनी के लिए रवाना हुए।

### रजत जयंती उत्सव में डॉ.सुशील किए गए सम्मानित



**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी तोमेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत जयंती उत्सव में शिक्षा विभान द्वारा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नवाचार हेतू राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक डा सुशील तिवारी प्र.पा.शा.पू.मा.वि. उरावपारा पोलमी वि.खं पाली को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत जिला पंचायत, अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ पवन पवन सिंह के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम सभापति. नूतन सिंह ठाकुर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग कि एवं. शि. आधिकारी उपस्थित रहे।

### महंगी बिजली के विरोध में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन व हस्ताक्षर अभियान



**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी जा रही महंगी बिजली और दोगुने बिजली बिलों के विरोध में शनिवार को हरदीबाज़ार में यूथ कांग्रेस द्वारा ईशहाक़ ख़ान के नेतृत्व में ज़ोरदार प्रदर्शन किया गया। यह रैली कॉलेज चौक से शुरू होकर बस स्टेशन हरदीबाज़ार तक पैदल निकाली गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने नारेबाज़ी कर सरकार के निर्णय का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान दुकानों व आम नागरिकों के पास जाकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया और महंगी बिजली व दोगुने बिलों के विरोध में समर्थन जुटाया गया।यूथ कांग्रेस का छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार को बिजली दरें और बिल वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिया खाद्य पदार्थों का सैंपल

**कोरबा।** जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने त्योहारों के बीच 8 प्रतिष्ठानों में जांच की और सैंपल लिए। यह कार्रवाई खाद्य निरीक्षक विकास भगत की अगुवाई में की गई। खाद्य विभाग की टीम ने आठ प्रतिष्ठानों में छापा मार कार्रवाई की उनके बताए अनुसार निम्न दुकानों में जांच की गई। जिसमें शॉपर मार्ट निहारिका से मूंगफली का तेल और सन फ्लावर तेल, कृष्णा बिग बाजार बालको से आचार, रिलायंस जियो मार्ट टीपी नगर बेसन और नमक, अन्नपूर्णा ट्रेडर्स कटघोरा से सूजी, अभिषेक जनरल स्टोर कुसमुंडा से सूजी और साबूदाना, वैभव इंटरप्राइजेस छुरी से दलिया और घी एवं विष्णु जनरल स्टोर जमनीपाली घी का सैंपल लिया गया। इन सैंपलों को जांच के लिए रायपुर स्थित खाद्य लैब भेजा गया है। टीम ने दुकान संचालकों को एफएसएसआई के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।






## बिना बसाहट दिए कुसमुंडा-हरदीबाजार रोड बंद करने पर जताया विरोध

# भूविस्थापितों ने बंद कराया गेवरा खदान विस्तार का कार्य



धरना प्रदर्शन कर विरोज जताते किसान सभा के पदाधिकारी एवं प्रभावित भूविस्थापित।



प्रबंधन द्वारा खोदी गई सड़क के सामने लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन ने कुसमुंडा हरदीबाजार रोड को जेसीबी लगाकर अचानक काटना शुरू कर दिया मौके पर दीपका एवं दर्री तहसीलदार और कुसमुंडा थाना प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात था। बिना बसाहट दिए सड़क काटने को लेकर किसान सभा और आस पास गांव के भूविस्थापितों ने अपना विरोध जताया। आक्रोशित भूविस्थापितों ने सड़क बंद करने के साथ-साथ गेवरा खदान विस्तार का भी विरोध किया। इस दौरान पुलिस, प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन के साथ भूविस्थापितों की नोंकझोंक भी देखने को मिली। भूविस्थापितों के भारी विरोध को देखते हुए आखिरकार एसईसीएल गेवरा प्रबंधन को कामबंद कर वापस लौटना पड़ा।

**खास बात**

- भूविस्थापितों के विरोध को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन को काम बंद कर लौटना पड़ा वापस

किसान सभा ने चेतावनी दी है कि लंबित रोजगार प्रकरणों, छोटे खातेदारों को रोजगार, बसावट की समस्या का समाधान किए बिना नए विस्तार क्षेत्र में खनन कार्य का किसान सभा विरोध करेगी। समस्याओं की ओर कई बार प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया गया है, लेकिन ग्रामीणों की इन समस्याओं के निराकरण के प्रति एसईसीएल गेवरा प्रबंधन गंभीर नहीं है। किसान सभा ने चेतावनी दी है कि यदि ग्रामीणों के रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के सवाल पर प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करती है, तो 8 अक्टूबर को गेवरा कार्यालय का महाघेराव भी किया जाएगा। किसान सभा के सचिव दीपक साहू ने कहा कि भूविस्थापितों को बसावट दिए बिना गांव की जमीन पर काम करने नहीं देंगे। छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और मुआवजा देना होगा। किसान सभा के नेता ने आरोप लगाया की पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका किसान सभा आगे भी विरोध करेगी। किसान सभा के रमेश दास ने कहा की एसईसीएल से प्रभावित होने वाले प्रत्येक छोटे-बड़े खातेदारों को स्थाई नौकरी, विस्थापित होने वाले ग्रामों के विस्थापितों को बसावट प्रदान किया जाए और प्रभावित सभी गांवों में बुनियादी पेयजल समस्या का तत्काल समाधान की मांग भी की और कहा कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान दीपक साहू, दामोदर श्याम, रमेश दास, सोनू दास, विवेक दास, भीम दास, कमला पाण्डेय, महेश अग्रवाल, संतोष सागर, शत्रुहन राठौर, पवन जायसवाल सहित आसपास के गांव के प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## त्रिपक्षीय वार्ता को खराब मौसम व अतिवृष्टि का हवाला देकर प्रशासन ने किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार तहसील में शनिवार को दोपहर 12 बजे एसईसीएल ग्रामीणों व जिला प्रशासन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता होनी थी। जिसकी तैयारी में ग्रामवासियों ने अपने कामकाज,खेती किसानी भी बैठक में शामिल होने के लिए टाल दी थी लेकिन हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि सुबह 10.30 बजे एसडीएम पाली का पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें खराब मौसम व अतिवृष्टि को देखते हुए त्रिपक्षीय बैठक को निरस्त करने और अगामी बैठक के बारे में सूचित करने की बात कहीं गई है। इस विषय में सरपंच ने बताया कि हम सभी ग्रामवासी बैठक में पूरी तैयारी के साथ जाने तैयार थे। सभी अपने-अपने कामकाज, खेती-बाड़ी छोड़ कर इस बैठक में पहुंचने वाले थे कि बैठक निरस्त का पत्र प्राप्त हुआ। बैठक अपर कलेक्टर कोरबा की अध्यक्षता में होनी थी, लेकिन अपर कलेक्टर की ड्यूटी रायपुर में सीएम निवास में लगा दी गई। वहीं एसडीएम के सामने बैठक निरस्त करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं सुझा तो खराब मौसम व अतिवृष्टि का हवाला दिया गया। जबकि सुबह मौसम खराब था 10 बजे के बाद मौसम खुला गया और न ही सुबह से अतिवृष्टि हुई। हरदीबाजार के ग्रामीणों का कहना है कि इस बार जब भी त्रिपक्षीय वार्ता हो तो एसईसीएल दीपका के सीजीएम संजय कुमार मिश्रा या एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से कोई एक सक्षम अधिकारी बैठकर में शामिल हो और ग्रामीणों की मांग पूरी को पूरी करें। इस दौरान अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल एसडीएम रायपुर नंदकुमार चौबे एक आईपीएस, सीएसपी सहित पुलिस बल तैनात रही।

**खास बात**

- ग्रामवासी खेती का काम छोड़कर बैठक में शामिल होने पहुंचे थे

## वेतन भुगतान में देरी, सफाई कर्मचारियों ने किया कामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकी मोंगरा नपा परिषद के सफाई कर्मचारियों ने कामबंद कर दिया है। सफाई कर्मचारी ने बताया है कि नवरात्री दशहरा का पर्व था, नगर पालिका परिषद के सीएमओ के द्वारा मासिक भुगतान नहीं देने की वजह से कामबंद कर दिया गया है।

वेतन भुगतान में हो रही देरी से आक्रोशित सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई कामबंद करने से बांकीमोंगरा नगर पालिका में कचरों का अंबार लगा हुआ है। बांकीमोंगरा के सिद्धदात्री मंदिर के पास कचरे का ढेर लगा हुआ है। इसके साथ ही मेन चौक के चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। रोजाना दुकाने से निकलने वाली कचरा दुकान दार अपने दुकान के सामने रख देते थे की सफाई कर्मचारी आएंगे ओर उठा कर ले जाएंगे मगर कचरा जस के तस पड़ा हुआ है। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के क्षेत्र में विगत दो से तीन दिनों से सफाई कार्य बंद है। सफाई कर्मचारियों को कहना है कि जब तक भुगतान नहीं होगा तब तक सफाई कार्य चालू नहीं होगा। चारों तरफ गंदगी जरूर दिख रही है, ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सीएमओ किसी महामारी का इंतिजार कर रही है। इसीलिए सफाई पर ध्यान नहीं दे रही है।

## विजयादशमी पर लायन्स क्लब ने किया भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा





नगर की सामाजिक संश्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा विजयादशमी के पावन पर्व पर नगर के मुख्य मार्ग ला सांवरिया मित्तल के घर के बाहर भंडारे का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सभी सदस्यों की उपस्थिति में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कटघोरा व जगन्नाथ प्रसाद मित्तल के द्वारा माँ जगत जननी की पूजा अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की गई। यह भंडारा शायं 6 बजे से देर रात्रि तक चलता रहा, इस दौरान हजारों की संख्या में नागरिकों ने माँ के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

क्लब के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि चूंकि कटघोरा नगर का दशहरा आसपास के गांव का मुख्य व आकर्षक होता है। जिसमें सिंघिया, बिंझरा, तुमान, सुतर्रा, जड़गा, पोड़ी, गुर्सिया, मोरगा, रजकम्मा सहित आसपास के लोग दशहरा देखने कटघोरा आते हैं। इस वजह से आज के दिन पूरा कटघोरा नगर में मेला सा माहौल बना रहता है। इस वजह से क्लब के द्वारा हर वर्ष बाहर से आने वालों सहित नगर के नागरिकों के लिए मुख्य मार्ग पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता हैं ताकि बाहर से उसने वालों गरीब परिवार के लोगो का खर्च बच सके व उन्हें खाने पीने के लिए इधर उधर भटकना ना पड़े। इस उद्देश्य से क्लब के द्वारा प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया जाता हैं। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने कहा कि निश्चित ही आज के समय में दुसरों के लिए सोचना बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। साथ ही क्लब के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाना अपने आप मे एक बड़ा काम है। निश्चित ही इस भंडारे का सभी वर्ग के लोग लाभ ले रहे हैं। विधायक सहित सभी ने क्लब के द्वारा किए गए इस पुनीत पहल भूरी भूरी प्रशंशा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, क्रांति मित्तल, मनोज अग्रवाल, समजीत सिंह, सन्दीप चौबे, डिसट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संरक्षक अजय गर्ग, घनश्याम शर्मा, दीपक गर्ग, सचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, नरेंद्र अग्रवाल, राकेश पांडेय, मुकेश गोयल, सांवरिया मित्तल, अतुल मित्तल, विकेश अग्रवाल, दीपक बंसल, शुभम मित्तल, मुकेश गुप्ता, रीनू अग्रवाल, नितिन मित्तल, निखिल अग्रवाल, विक्की राजपूत, मुकेश मोटवानी, अंकित सिंघल, चिंटू अग्रवाल, भरत अग्रवाल, सुधीर पांडेय, नरेंद्र मित्तल, राकेश शर्मा, लव अग्रवाल, अनूप मानिकपुरी, आयुष मित्तल सहित बड़ी संख्या में निवासी उपस्थित रहे।

## बड़े भाई को बचाने कूदा छोटा भाई तेज बहाव में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रातखार एनीकेट डेम में कुछ युवक पिकनिक मनाने गए हुए थे। नहाने के दौरान एक युवक पानी के तेज बहाव में डूबने लगा, तब उसके छोटे भाई ने उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी। इस दौरान बड़े भाई को तो पानी से सुरक्षित निकाल लिया गया, पर उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगाने वाला छोटा भाई पानी के तेज बहाव में डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और युवक को बचाने रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। डेम में पानी का स्तर अधिक होने की वजह से गोताखोरों की लाख कोशिशों के बाद भी अब तक युवक की तलाश नहीं की जा सकी है।

**खास बातें**

- रातखार एनीकट डेम में पिकिन मनाने गए थे युवक
- पानी में डूबे युवक की तलाश में जुटी गोताखोरों की टीम

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को रातखार एनीकेट डेम में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पवन सिंह नामक युवक ने अपने बड़े भाई श्याम सिंह को डूबने से बचाने के लिए पानी में छलांग लगाई, लेकिन तेज बहाव में बह गया और लापता हो गया। श्याम सिंह को तो सुरक्षित बाहर निकाला गया, लेकिन पवन सिंह की तलाश अभी भी जारी है। पवन सिंह व श्याम अपने दोस्तों के साथ डेम पर पिकनिक मनाने गए थे। नहाने के दौरान श्याम डूबने लगा, तब पवन ने उसे बचाने के लिए साहसिक कदम उठाया, लेकिन खुद ही पानी में फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस और नगर सेना की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और तलाश अभियान शुरू किया, लेकिन डेम में पानी का अधिक स्तर और तेज बहाव अभियान को कठिन बना रहा है। पवन के बड़े भाई गणेश सिंह ने बताया कि पवन परिवार में सबसे छोटा और लाडला था, जो मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। पुलिस पिकनिक पर आए अन्य युवकों से भी पूछताछ कर रही है ।





लापता युवक की तलाश करते गोताखोर, इंसेट में लापता युवक।

### एसईसीएल के 30 कर्मचारियों का किया प्रशासनिक स्थानांतरण

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा क्षेत्र के 30 कर्मचारियों का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण किया गया है। सभी कर्मचारियों को उनके वर्तमान पद व वेतनमान पर सीडब्ल्यूएस, कोरबा में पदस्थ किया गया है। महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर सीडब्ल्यूएस, कोरबा में कार्यभार ग्रहण करने भेजें। एसईसीएल के जिन 30 कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है उनमें कोरबा में पदस्थ जनरल असिस्टेंट कैटेगरी-1 मधु प्रसाद, रवि कुमार, उमेश दास, चन्द्रशेखर, दीपक कुमार रात्रे, श्रीमती चांदनी शामिल हैं, इन्हें कोरबा से सीडब्ल्यूएस कोरबा स्थानांतरण किया गया है। इसी तरह गेवरा में पदस्थ जनरल असिस्टेंट कैटेगरी-1 विकास श्रीवास, पुष्पेन्द्र राठौर, बसंत कुमार, अंकित राठौर, श्रीमती आशा देवी सोनी, श्रीमती सरोजनी का स्थानांतरण सीडब्ल्यूएस कोरबा किया गया है। दीपका में पदस्थ जितेन्द्र कुमार, शुभम पाण्डेय, बुधराम सिंह, पुरूषोत्तम लाल यादव, मिलिंद कुमार, जीतेश कुमार, श्रीमती प्रियंका कंवर को भी सीडब्ल्यूएस कोरबा स्थानांतरित किया गया है।




# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

**ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : **96308-91863**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### साहू संघ जांजगीर के जे.सी. साहू अध्यक्ष व बोधी राम बने सचिव



**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के निर्देशन में साहू संघ का चुनाव कार्य चल रहा है, उसी तारतम्य में परिक्षेत्र साहू संघ जांजगीर का पदाधिकारी चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी संजय साहू तहसील अध्यक्ष द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें निर्विरोध रूप से जे.सी.साहू अध्यक्ष, नारायण साहू संरक्षक,रामरतन साहू,श्रीमति चंद्रिका साहू उपाध्यक्ष, डॉ.बोधी राम साहू सचिव,श्रीमति गीता देवी साहू संगठन सचिव,केशव साहू कोषाध्यक्ष,नेहरू साहू संयुक्त सचिव,रामकुमार साहू प्रवक्ता, सुशील साहू सह सचिव,दिलीप साहू प्रचार सचिव,काशी साहू को प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया है। निर्विरोध नव निर्वाचित अध्यक्ष ने कहा मुझे आप सभी ने पुनः अध्यक्ष का दायित्व दिया है आप सभी को विश्वास दिलाता हु कि सामाजिक हित में कार्य करते हुए विकास के हर आयामों को पदाधिकारियों से आपसी समन्वय से करते रहेंगे। इसी कारण प्रमुख पदों के अलावा अपने कार्यकारिणी के पदों का हमने विस्तार भी कर दिया है। इस दौरान बंशी साहू केंद्र अध्यक्ष पीसौद,इतवार साय, लाला साहू,चंद्रशेखर साहू, दुलेशर साहू,संतोष साहू सहित अधिसंख्य उपस्थित रहे।

### दशहरा महोत्सव आज, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की होगी प्रस्तुति

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के दशहरा मैदान में भव्य विराट दशहरा महोत्सव आतिशबाजी के साथ रावण दहन का कार्यक्रम सोमवार 6 अक्टूबर को शाम 6 बजे रखा गया है। भव्य विराट दशहरा महोत्सव समिति बिर्रा के अध्यक्ष मणिलाल कश्यप और उपाध्यक्ष कुंजीलाल देवांगन को बनाया गया है। रात्रि में 9 बजे से दर्शकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक लोक कलामंच भुइयां के भगवान रायपुर, गायक चम्पा निषाद के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह विधायक विधानसभा क्षेत्र अकलतरा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीलीबाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में बालेश्वर साहू विधायक विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर, व्यास कश्यप विधायक जांजगीर चांपा, रामकुमार यादव विधायक चंद्रपुर, संदीप साहू विधायक कसडोल, श्रीमती कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, श्रीमती शेषराज हरबंस विधायक पामगढ़, गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा और रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य बिर्रा होंगे। विराट दशहरा महोत्सव समिति और पंचायत पदाधिकारी गण के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### मुलमुला में होगा चैरिटी इवेंट काली पूजा व झांकी का प्रदर्शन

**मुलमुला।** लगातार 8 वर्षों से समाज हित सेवा कार्य में लगे राज्य स्तरीय संस्था स्टोन यूथ एसोसिएशन छग द्वारा इस वर्ष दिवाली के अवसर पर चैरिटी इवेंट और काली पूजा तथा भव्य झांकी प्रदर्शनी का आयोजन रखा गया है। संस्था के सदस्यों से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम में धनतेरस के दिन कलश यात्रा, मशाल यात्रा और मूर्ति स्थापना वही गोवर्धन पूजा के दिन विद्यार्थियों के लिए रस्साकसी कुर्सी दौड़ मटका फोड़ और विविध प्रतियोगिता और दिवाली के अवसर पर महाआरती आतिशबाजी कराई जाएगी। 21 ऑक्टूबर को एनजीओ प्रदर्शनी, 22 अक्टूबर को सम्मान समारोह व संगीत रखा गया है, वहीं 23 अक्टूबर को हवन कार्यक्रम सांध्य परम्परागत विसर्जन करा जाएगा। समस्त आयोजन की रूपरेखा स्टोन क्लब द्वारा रखी गई है, जो कि एनजीओ के मुख्य कार्यालय मुलमुला में सम्पन्न होगी।

### डभराखुर्द में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 8 से

**बिर्रा।** ग्राम डभराखुर्द में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार 8 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ होगा। जिसका समापन एवं सहस्त्रधारा शनिवार 18 अक्टूबर को होगा। अखंड नवधा रामायण समिति के द्वारा आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। आयोजन को लेकर समस्त ग्राम वासी तैयारी में लगे हुए हैं।

### छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन सक्ती जिले के अध्यक्ष बनाए गए रामनरेश

**सक्ती।** सक्ती शहर के सामाजिक कार्यकर्ता रामनरेश यादव को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन का सक्ती जिले का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह एवं आरती सिंह एवं प्रदेश महासचिव द्वारा की गई है। रामनरेश यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर शक्ति जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। रामनरेश यादव का कहना है कि जिस विश्वास के साथ फाउंडेशन ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी सक्रियता एवं सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करेंगे। ज्ञात हो की रामनरेश यादव भारतीय जनता पार्टी शक्ति जिले के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रह चुके हैं एवं वर्तमान में वे जिला जीवनदीप समिति के सदस्य, नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय जनभागीदार अध्यक्ष सहित शहर के प्रतिष्ठित आईसेक्ट कंप्यूटर के डायरेक्टर भी हैं। जिले में अतिशीघ्र नई कार्यकरणी का गठन कर एवं सभी ब्लॉकों में भी गठन कर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों का लिया जायजा, हितग्राहियों से की सीधी बातचीत

# गांव की पगडंडियों और खेतों की मेड़ों से होते हुए हेडसपुर की पहाड़ियों पर पहुंचे कलेक्टर



पगडंडी और खेतों की मेड़ों से होकर जाते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।



पीएम आवास के हितग्राहियों से चर्चा करते कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति परखने के लिए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने रविवार 5 अक्टूबर को जनपद पंचायत बलौदा के सुदूर ग्राम हेडसपुर और बक्सरा का दौरा किया।

कलेक्टर गांव की पगडंडियों और खेतों की मेड़ों से होते हुए हेडसपुर की पहाड़ियों पर पहुंचे और वहां मनरेगा के तहत बनाए गए कंटूर ट्रेंच कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण के इन प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस पहाड़ी पर व्यापक स्तर पर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाई जाए, ताकि वर्षा जल संरक्षित हो और पर्यावरण भी संवर्धित हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कंटूर ट्रेंच निर्माण से पहले और बाद में जल संचयन की मात्रा का तुलनात्मक विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत हेडसपुर और बक्सरा पंचायतों में निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों का जायजा लिया। उन्होंने हितग्राहियों से सीधी बातचीत की। कलेक्टर ने गुडनिधि लाल, ईश्वर लाल, श्रीमती राजबाई, नोहर बाई, रमेश कुमार यादव और हरिराम सहित अन्य लाभार्थियों के घर पहुंचकर कार्यों की प्रगति देखी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि – प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के जीवन स्तर सुधारने की सबसे अहम योजना है। हर पात्र परिवार को समय पर पक्का मकान मिले, यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाए और सभी आवास निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों।

**क्यूआर कोड से मिली पारदर्शी जानकारी**

हेडसपुर पंचायत भवन में लगे मनरेगा क्यूआर कोड को कलेक्टर ने अपने मोबाइल से स्कैन कर गांव के पिछले तीन वर्षों के सभी कार्यों की जानकारी देखी। स्क्रीन पर कार्यों की पूरी सूची, खर्च की गई राशि, भुगतान विवरण और लाभार्थियों की जानकारी प्रदर्शित हुई। कलेक्टर ने कहा यह पहल पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का अभिनव कदम है। ग्रामीण अब स्वयं मोबाइल से देख सकते हैं कि गांव में कौन-से कार्य हुए, कितना खर्च हुआ और किसे लाभ मिला। इससे ग्रामीण विकास कार्यों की निगरानी में सक्रिय सहभागी बनेंगे। कलेक्टर ने ग्रामीणों के घर पहुंच कर पीएम आवास, शौचालय, जल जीवन मिशन की जानकारी ली। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने अधिकारियों को विलेज एक्शन प्लान तैयार करने, किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनपद सीईओ रोहित नायक, सरपंच, सचिव और अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी के चलते यात्री हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

■ यात्री ट्रेन आने के इंतजार में घंटों बैठे रहते है प्लेटफार्म पर

ट्रेनों के घंटो लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके चलते यात्रियों की दिक्कते और बढ़ गई है। यात्री ट्रेन आने के इंतजार में घंटों प्लेटफार्म पर बैठे रहते है। रविवार 5 अक्टूबर को ही हावड़ा से चलकर अहमदाबाद को जाने वाले हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब पौने चार घंटा लेट पहुंची। इसी प्रकार मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस भी तीन घंटे की देरी जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेने भी लेट चल रही है।

गौरतलब है कि जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रतिदिन हजारों की तादाद में रेल यात्री बिलासपुर, रायगढ, कोरबा, दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, चेन्नई सहित अन्य प्रमुख शहरों की ओर आवाजाही करते है। वहीं ट्रेनो के घंटों लेट लतीफी के चलते रेल यात्रियों की परेशानी और भी बढ़ गई है। उन्हें ट्रेन के आने के लिए घंटो इंतजार भी करना पड़ता है। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग होने के कारण जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन से हावडा-अहमदाबाद, छतीसगढ एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, टाटानगर ईतवारी, ि बलासपुर रायगढ लोकल, रायगढ बिलासपुर सहित अन्य प्रमुख ट्रेनों गुजरती है। जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन शहर सहित आसपास गांव के लोग आवाजाही करते है। कई लोग निजी काम एवं व्यापार करने के उद्देश्य से आवाजाही करते है। वहीं ट्रेनो के घंटों लेटलतीफी होने के चलते रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। रविवार 5 अक्टूबर को ही हावड़ा से चलकर अहमदाबाद को जाने वाले हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब पौने चार घंटा लेट पहुंची। ट्रेन सुबह 9.58 मिनट के स्थान पर दोपहर 1. 47 मिनट में जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पहुंची। इसी प्रकार मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस भी तीन घंटे की देरी से सुबह 6 बजकर 6 मिनट में रेलवे स्टेशन पहुंची।

# शिवरीनारायण में दुर्गा महोत्सव का आयोजन समिति ने महा भंडारा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण




श्रद्धालुओं को प्रसाद वितिरत करते पदाधिकारी।

आस्था भक्ति और विश्वाश की पुण्य भूमि शबरी नारायण धाम के महानदी किनारे माता रानी का भव्य मनमोहक दरबार सजा था। प्रतिदिन सुबह शाम वैदिक मंत्र उच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया माता रानी के चरणों में सबने सुख शांति समृद्धि की कामना की। दिल्ली के अक्षर धाम मंदिर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। भव्य दरबार आकर्षक लाइटिंग झूमर लाइट शो में विविध आयोजन में सबने भाग लेकर अपना जीवन कृतार्थ किया। दिल्ली की अक्षर धाम मंदिर की डिजाइन में मनमोहक भव्य रूप अलौकिक प्रतिमा मां शेरावाली दुर्गा जी माता सरस्वती जी, माता लक्ष्मी जी विराजित थे, जिनके दर्शन करने लाखों श्रद्धालु पहुंचे। सबने नवरात्र में मेला का आनंद उठाया। सबने प्रसन्नता व्यक्त की दुर्गा पूजा समिति द्वारा नवरात्र महोत्सव तीसरे वर्ष सानंद संपन्न हुआ। वही नगरीय प्रशासन द्वारा नवरात्रि दशहरा मेला का आयोजन किया गया। नवरात्र के 3 दिन बारिश के कारण डिस्टर्ब रहा। रविवार से वापसी हुआ और दशहरे की दिन ऐतिहासिक भीड़ रहा दुर्गा पूजा आयोजन समिति ने सबका आभार प्रकट किया। शिवरीनारायण में भव्य दुर्गा महोत्सव संपन्न होने के बाद आयोजन समिति द्वारा महा भंडारा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### नगारीडीह में शरद संगीत समारोह कल

**केरा।** ग्राम नगारीडीह (केरा) में शरद संगीत समारोह (बाल्मीकी जयंती) का आयोजन मंगलवार 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दौरान दोपहर 2 बजे से स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी तथा रात्रि 8 बजे से आगन्तुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ज्योति किशन कश्यप होगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में अखिलेश भीष्म सभापति राजस्व विभाग नवागढ, श्रीमती शांति घासीराम कश्यप उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नवागढ़, श्रीमती अंबिका रोकड़े गुरु मां जांजगीर उपस्थित रहेंगी। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित होगा। आगन्तुक कलाकार डॉ. राजऋषि चक्रवर्ती, डॉ. गुंजन तिवारी, कल्पना साहू, संतोषी कुम्हरे, रंगीना वसूमतारी, सचिन कुम्हरे अपनी प्रस्तुति देंगे।

# देवी भागवत में मां भगवती की महिमा का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ श्रीमद् देवी भागवत कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पं. राधा मोहन पांडेय

ग्राम कटनई में नवरात्री पर्व पर श्रीमद् देवी भागवत का हो रहा आयोजन अकलतरा। ग्राम कटनई में नवरात्री पर्व पर 22 सितंबर से श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ अंबा यज्ञ का आयोजन महिला समूह एवं ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। ब्यास आचार्य ने लोगों को मां भगवती दुर्गा के महिमा का वर्णन किया।

मां भगवती दुर्गा की स्थापना के साथ-साथ श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन दुर्गा पंडाल में हुआ, जिसमें भागवताचार्य पंडित डॉ राधा मोहन पांडे के द्वारा व्यास पीठ से लोगों को मां भगवती दुर्गा के महिमा का वर्णन किया। श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के सातवें दिन आचार्य डॉ राधा मोहन पांडे ने परीक्षित का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि महाभारत युद्ध में गुरु द्रोण की मौत के बाद उनके बेटे अश्वत्थामा ने पांडवों को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया था। इस ब्रह्मास्त्र से लगने के बाद अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। परीक्षित के जन्म से पहले ही अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र से परीक्षित को मारने की कोशिश की थी, किंतु भगवान श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से उत्तरा के गर्भ में मौजूद परीक्षित को जीवित कर दिया था। बाद में राजा परीक्षित की मृत्यु श्रृंगी ऋषि के श्राप से तक्षक नाग के डंसने से हुई थी। परीक्षित की मृत्यु के बाद, उनके बेटे जनमेजय ने नारद की सलाह पर अम्बयाग नामक यज्ञ का आयोजन किया था। इस यज्ञ में देवी भागवत का पाठ करवाया गया था। ग्राम कटनई के श्रद्धालु भक्त जन बड़ी संख्या में भागवत कथा का श्रवण किया। कन्या भोजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महिला समूह के सदस्य एवं दुर्गा समिति के सदस्य के द्वारा कन्या भोजन के कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। 1 अक्टूबर को कथा का समापन के साथ-साथ हवन सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान की निकली झांकी, रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा



ग्राम पंचायत तुस्मा में इस वर्ष का दशहरा उत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामवासियों में इसे लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्राम के नर्सरी ग्राउंड में हजारों की संख्या में ग्रामीणजन एकत्र हुए और राम, लक्ष्मण व हनुमान की जीवंत झांकी द्वारा किए गए दशानन रावण वध के ऐतिहासिक दृश्य के साक्षी बने। पूरा वातावरण "जय श्री राम" और "जय लंकेश" के जयघोषों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। ज्योदगिर बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद राम,लक्ष्मण और हनुमान की जीवंत झांकी निकाली गई। झांकी के साथ भक्ति संगीत,भजन-कीर्तन और वाद्य यंत्रों की मनमोहक धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दर्शकों ने वानर दल की उत्साही प्रस्तुति और आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। दशहरा के इस अवसर पर मोर सोनहा माटी लोक कला मंच ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच के कलाकारों ने अपनी लोककला,नृत्य और वाद्य यंत्रों की अनूठी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखा,बल्कि दर्शकों को पारंपरिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य भी किया। आयोजन को लेकर ग्राम पंचायत तुस्मा ने विशेष तैयारी की थी। मैदान में आकर्षक लाइटिंग,सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक,सभी ने इस भव्य आयोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक था रावण दहन का दृश्य, जिसने लोगों में उत्साह का संचार कर दिया। जैसे ही जीवंत झांकी ने रामायण के युद्ध दृश्य को प्रस्तुत करते हुए रावण वध का प्रदर्शन किया, वैसे ही दर्शकों में जयघोषों की गूंज उठी और आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। उत्सव में महिलाओं और बच्चों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। मैदान में स्थापित विभिन्न स्टॉलों पर बच्चों ने खेल और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।

# चैतन्य देवियों की झांकी का लगा दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



चैतन्य देवियों की झांकी।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की भड़ेसर सेवाकेंद्र की ओर से नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन चैतन्य देवियों की झांकी का चैतन्य दरबार लगायी गयी थी, जिसे देखने ग्रामवासी उमड़ पड़े। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर नवागढ़ ब्लाक के पूर्व सभापति दिनेश पाण्डेय एवं ग्राम भड़ेसर के पूर्व सरपंच के द्वारा आरती उतारकर किया गया।

इस दरबार में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती एवं मां काली का जीवंत अलौकिक दृश्य देखने लायक था। लोग भ्रमित हो रहे थे कि ये मूर्तियां है या जीती जागती देवियां। ये ब्रह्मा कुमारी बहनें ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग से प्राप्त शक्तियों के आधार से एक ही जगह एक ही मुद्रा में स्थिर रह घंटों आसन में बैठ सकती है, इन्हीं देवियों को शिव शक्ति के नाम से जाना जाता है। इन देवियों में विराजित कु. वाणी मां दुर्गा के रूप में, कु. सपना सरस्वस्ती के रूप में, कु. ओशी लक्ष्मी के रूप में एवं कु. खुशबू मां काली के रूप में विराजमान थी। उपस्थित श्रद्धालुओं ने मां के वरदानी नेत्रों से वरदानी हस्तों से अपने मन की झोली भरपूर किये। उपरोक्त सभी कार्यक्रम ब्रह्मा कुमारी चन्द्रिका की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी. के. सरस्वती बी.के. फिरतु, बी. के. संजय, बी. के. विजय, बी. के. घनश्याम, बी. के. रामसंजीवन, बी. के. लता, बी. के. भारती एवं ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

## कन्हाईबंद मे आयोजित कार्यक्रम में शामिल भाजपा नेता, जसगीत गायन में बजाया मांदर

# नवरात्र व्रत का मूल उद्देश्य आध्यात्मिक शक्ति का संचय करना : पांडेय


हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



जसगीत गायन में मांदर बजाते इंजी रवि पांडेय।

"नवरात्र व्रत का मूल उद्देश्य अपने इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय करना है''।

उक्त बातें ग्राम कन्हाईबंद मे आयोजित दुर्गानवमी पूजा पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कही। उन्होने आगे कहा कि अपने भीतर की ऊर्जा को जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्र मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। ग्राम वासियो के विशेष मांग पर इंजी. पाण्डेय ने जसगीत गायन मे मांदर बजाया जिसमे ग्रामवासी जमकर थिरकते नजर आये। ज्ञात हो कि निखिल युवा श्री दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में लगातार 30 वां वर्ष दुर्गोत्सव का आयोजन हो रहा है। ग्राम के प्रतिष्ठित शिक्षक श्री दिलहरण प्रसाद राठौर को सेवा निवृत्त होने पर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्षता रूपनारायण लसेर जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि प्रभाकर तिवारी पूर्व सरपंच, उमेश कुमार राठौर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सिवनी, चित्रभान सिंह राठौर पूर्व उपसरपंच, कार्यक्रम का सचालन सनत पटेल ने किया। जसगीत गायन मे विशेष रूप से निखिल युवा श्री दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष रामचन्द्र बरेठ, कोषाध्यक्ष रामकुमार कश्यप, उप कोषाध्यक्ष सुयश राठौर, सचिव आकाश राठौर, सहसचिव कन्हैया यादव, संरक्षक अलखराम राठौर, सनत पटेल, रामनारायण राठौर, मनोज राठौर, मयाकांत पाठक, रविशंकर राठौर विशेष सलाहकार शिवनाथ कश्यप, अजय तिवारी, विनय तिवारी, उमेश कुमार राठौर, सदस्य अमित पटेल, हेमलाल बरेठ, कोमल बरेठ, किशन कश्यप, रवि यादव, मृत्युंजय सिंह राठौर, छत्रपाल राठौर, मार्गदर्शक पं. पद्माकर तिवारी जी, कीर्तन मंडली के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411